16

तारे

(कविता)



माँ जब सूरज ढल जाता है
अँधियारा छा जाता है।
आसमान में जगमग, जगमग
दीवे कौन जलाता है?

रात बीतने पर सपनों की
जो सूरज चमकाता है,
जो सोने-चाँदी की किरणें
धरती पर फैलाता है।

वह जब सूरज ढल जाता है
अँधियारा छा जाता है,
आसमान में जगमग, जगमग
लाखों दीप जलाता है।

— हरिवंश राय 'बच्चन'

शब्द-अर्थ

ढलना — नीचे की ओर जाना *(set)*, **आसमान** — आकाश *(sky)*,
अँधियारा — अँधेरा *(darkness)*, **दीवे** — दीपक, दीप *(ear thern lamps)*।

कविता का भावार्थ – प्रस्तुत कविता में कवि हरिवंश राय बच्चन जी ने आसमानों में चमकते हुए टिमटिम तारों तथा उनकी जगमाती रोशनी के बारे में बताया है। बच्चा अपनी माँ से पूछता है कि जब सूरज अस्त हो जाता है और आसमान में अँधियारा छा जाता है तब आसमान में छोटे-छोटे चमकने वाले दीये कौन जलाता हैं। माँ बताती है कि जब रात बीत जाती है तब सपनों को जगाने के लिए सूरज जागता है वह अपने सोने और चाँदी के समान किरणों को धरती पर फैलाता है। जब सूरज ढल जाता है और चारों ओर अँधियारा हो जाता है तब आसमान में लाखों दीपक सूरज ही जगाता है।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

अँधियारा	जगमग	चमकाता	किरणें	चाँदी
लाखों	बीतने	दीवे	आसमान	

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) सूरज ढल जाने पर क्या होता है?

(ख) इस कविता के कवि कौन हैं?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

(क) अँधियारा होने पर आसमान में क्या जगमगाते हैं?

☐ चाँद ☐ तारे ☐ सूरज

(ख) सोने चाँदी की किरणें कहाँ पर फैलाते है?

☐ आसमान ☐ नदी ☐ धरती

(ग) लाखों दीप जलाता है–

☐ तारे ☐ सूरज ☐ चाँद

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) सूरज की किरणें कैसी होती हैं?

(ख) अँधेरा कब होता है?

3. कविता के अनुसार पंक्तियों का सही क्रम 1, 2, 3, 4 लिखिए।

- [ ] जो सूरज चमकाता है,
- [ ] धरती पर फैलाता है।
- [ ] जो सोने-चाँदी की किरणें
- [ ] रात बीतने पर सपनों की

भाषा-ज्ञान

1. एक जैसी आवाज वाले शब्द लिखिए–

(क) जब	=	....	(ख) ढल	=	....
(ग) कौन	=	....	(घ) रात	=	....
(ङ) जलाता	=	....	(च) दीप	=	....

2. सही वाक्य के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का निशान लगाइए।

(क) रात को चाँद-तारे चमकते है। ☐

(खा) तारे अँधेरा दूर करते हैं। ☐

(ग) तारे सूरज को चमकाते हैं। ☐

(घ) सूरज उगने पर तारे आते हैं। ☐

क्रियात्मक गतिविधि

- रात के अंधकार में टिमटिमाते दो सितारों के नाम लिखिए।

....